**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 19.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।
2. हिन्दी पखवाड़ा के तहत कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 8वां संस्करण नवंबर–दिसंबर माह में तेलंगाना राज्य द्वारा आयोजित किया जाएगा।
4. द्वीप समूह में अगले पांच दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसमें 17 देशों के प्रतिष्ठित न्यायाधीश और न्यायिक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 20वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी संगठनों में चयनित 51 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से नियुक्ति–पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सम्बोधित भी करेंगे।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लोक निवास में प्रशासन के मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव, उपराज्यपाल की सचिव ज्योति कुमारी और अन्य अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों और उनके परिणामों पर चर्चा और विचार–विमर्श किया।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के तहत, प्रशासन तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों के लिए 'राष्ट्रीय एकता की कड़ी– हिंदी के प्रचार–प्रसार में युवाओं की भूमिका'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ये प्रतियोगिता 21 सितंबर को सुबह 10 बजे आयोजित होगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार के राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र, अटल महासागर विज्ञान एवं द्वीप प्रौद्योगिकी केंद्र ने हाल ही में डिगलीपुर के रामनगर, मायाबंदर के करमाटांग और रंगत के रामन बगीचा में स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 5.0 समुद्र तट सफाई अभियान का आयोजन किया। इसका उद्देश्य समुद्र तटों को स्वच्छ बनाना, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और तटीय एवं समुद्री पर्यावरण के संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। इस अभियान में स्कूली छात्रों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन और एन आई ओ टी की वैज्ञानिक टीम सहित 222 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अभियान में कुल 271 किलोग्राम समुद्री कचरा एकत्र कर उचित निपटान के लिए संबंधित पंचायतों को सौंप दिया गया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में हाल ही में स्वच्छता ही सेवा अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश बनाए रखने तथा नागरिकों को स्वच्छ भारत के सपने में सक्रिय योगदान देने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान और खंड विकास अधिकारी ने पंचायती राज संस्थाओं और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ भाग लेकर सभी हितधारकों से सहयोग का विस्तार करने तथा पूरे अभियान के दौरान सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 8वां संस्करण नवंबर–दिसंबर माह में तेलंगाना राज्य द्वारा आयोजित किया जाएगा। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का खेल आयोजन देश भर के युवा खिलाड़ियों को विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह के अंडर–17 और अंडर–21 आयु वर्ग में लड़के और लड़कियां भाग लेंगी। युवा कार्य एवं खेल निदेशालय और प्रशासन ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, संस्थानों, कॉलेजों, युवा क्लबों, खेल संघों और अन्य संबंधित हितधारकों से युवा खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की है। इन खेलों में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, साइकिलिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल शामिल है।

<><><><><><>

द्वीप समूह में आज और अगले पांच दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटा रहेगी। जिसकी बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे तक पहुँचने की संभावना है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 22 सितंबर तक समुद्र में न जाएं।

<><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ने द्वीप समूह में कृषि उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत किस्म की फसलों, बीज उत्पादन गतिविधियों और जारी फसल सुधार अनुसंधानों को प्रदर्शित करने के लिए कल ब्लूमसडेल रिसर्च फार्म, छोलदारी में खरीफ 2026 क्षेत्र दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर, कृषि निदेशक डी बसंतियां सहित प्रशासन के विभागाध्यक्ष, प्रमुख, दक्षिण अंदमान संस्थान के वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मियों सहित 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने जारी विभिन्न शोध गतिविधियों के बारे में बताया और उन्नत किस्मों, प्रजनन सामग्रियों, बीज उत्पादन भूखंडों और फसल प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन किया।

<><><><><><>

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरोंग और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बकुलतला में विभिन्न ट्रेडों के कुछ श्रेणियों में सीटें रिक्त हैं। जिन उम्मीदवारों ने पहले ही आवेदन किया है और जो अब तक आवेदन नहीं कर पाए है उन्हें सलाह दी जाती है कि वे प्रत्यक्ष रूप से परामर्श सत्र में भाग लें। राजकीय आईटीआई, अरोंग, कार निकोबार, बकुलतला और डोलीगंज का परामर्श सत्र 23 सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्रों, दो हालिया पासपोर्ट आकार की फोटो और 950 रुपये का प्रवेश शुल्क लेकर परामर्श सत्र में उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के तहत हाल ही में संपन्न एक अभियान में, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों के समन्वय से पूरे द्वीप समूह में स्कूल स्तर पर दंत परीक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। जून से अगस्त की अवधि के दौरान, द्वीप समूह के कुल 47 स्कूलों को शामिल किया गया। परीक्षण के दौरान दंत क्षय, मसूड़ों की समस्याएं, सहित विभिन्न मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया।

<><><><><><>

कार निकोबार के बी.जे.आर. अस्पताल में कल आत्महत्या रोकथाम दिवस और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम, तंबाकू नियंत्रण, रोगी सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता पैदा करना था। बी.जे.आर. अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ग्रेस ने इस विषय पर महत्वपूर्ण संदेश साझा किए। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान और महिला प्रतिनिधियों, आम जनता, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेष आत्महत्या रोकथाम शपथ भी ली गई।

<><><><><><>